बाल व परिवार स्वास्थ्य सेवा (Child and Family Health Service) के संपर्क विवरण

StEPS

Statewide Eyesight Preschooler Screening

SHPN (NKF) 130146 - Hindi

StEPS

पूरे राज्य के प्रीस्कूल जाने वाले बच्चों की आँखों की जाँच

Statewide Eyesight Preschooler Screening

StEPS कार्यक्रम के बारे में आपको क्या जानना ज़रूरी है

NSW GOVERNMENT | Health

StEPS क्या है?

StEPS कार्यक्रम NSW के स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा की गई पहल है और यह कार्यक्रम सभी 4 वर्ष के बच्चों की दृष्टि की जाँच का मूल्यांकन निःशुल्क प्रदान करता है।

मेरे बच्चे को दृष्टि की जाँच करवाने की आवश्यकता क्यों है ?

- बच्चे आँखों की समस्या के बारे में बहुत कम शिकायत करते हैं
- हो सकता है कि बच्चों को यह न पता चले कि वे ठीक से देख नहीं सकते
- कुछ बच्चे एक आँख से ठीक देख सकते हैं पर उनकी दूसरी आँख में दृष्टि बहुत कम हो सकती है
- बच्चों की आँखें ठीक लग सकती हैं व माता-पिता/देखभाल कर्ता यह सोच सकते हैं कि उनका बच्चा ठीक से देख सकता है पर कुछ बच्चों में दृष्टि संबंधी समस्या हो सकती है
- आपके बच्चे को दृष्टि संबंधी समस्या है या नहीं, यह बताने का केवल एक ही तरीका है कि अपने बच्चे की आँखों की एक-एक करके जाँच करवाई जाए।

क्या आपको मालूम है ?

- यदि बच्चे को मंद दृष्टि (amblyopia) है और यदि इसका इलाज न किया जाए तो इससे दृष्टि गंभीर रूप से ख़राब हो सकती है
- यदि बच्चे को दृष्टि संबंधी समस्या है तो जितनी जल्दी इसका पता किया जाए व इलाज किया जाए, दृष्टि संबंधी परिणाम उतना ही बेहतर होगा
- यदि माता-पिता चश्मा पहनते हैं या बचपन में उनको दृष्टि संबंधी समस्याएँ थीं तो उनके बच्चों को भी दृष्टि संबंधी समस्याएँ होने की संभावना अधिक है
- आठ वर्ष की आयु के बाद बच्चों की दृष्टि संबंधी कुछ समस्याओं का इलाज नहीं हो सकता और बच्चे को जीवन भर दृष्टि संबंधी समस्या झेलनी पड़ेगी --- चश्मे से भी मदद नहीं मिलेगी
- जिन बच्चों का जन्म के समय कम वज़न होता है व जिनको नसों (neurological) की समस्या होती है, उनमें दृष्टि संबंधी समस्याएँ होने का अधिक ख़तरा होता है

क्या मेरे बच्चे को दृष्टि जाँच करवाने की आवश्यकता है ?

NSW Health सलाह देता है कि स्कूल आरम्भ करने से पहले सभी बच्चों को आँखों की जाँच करवानी चाहिए व ज़ोर देती है कि सभी 4 वर्ष के बच्चों को दृष्टि की जाँच करवाने के कार्यक्रम में भाग लेना चाहिए।

मेरा बच्चा StEPS कार्यक्रम में कैसे शामिल हो सकता है ?

आपका स्थानीय स्वास्थ्य मंडल सभी प्रीस्कूलों व शिशु देखभाल केन्द्रों को लक्ष्य बनाएगा कि वे सभी 4 वर्ष के बच्चों को दृष्टि की **निःशुल्क** जाँच करवाने की सेवा प्रदान करें। अपने बच्चे की दृष्टि की जाँच करवाने के लिए आपको अनुमति फ़ॉर्म भर कर अपने बच्चे के प्रीस्कूल/शिशु देखभाल केन्द्र में लौटाना होगा।

आप अपने 4 वर्ष के बच्चे की दृष्टि की **निःशुल्क** जाँच, अपने स्थानीय बाल व परिवार स्वास्थ्य सेवा (Child and Family Health Service) में भी करवा सकते हैं। आपके स्थानीय बाल व परिवार स्वास्थ्य सेवा से संपर्क करने का विवरण इस लघुपत्र के पीछे दिया गया है।

मुझे कैसे पता चलेगा कि मेरे बच्चे को दृष्टि संबंधी समस्या है ?

प्रत्येक बच्चे के माता-पिता/देखभाल कर्ता जो दृष्टि की जाँच करवाते हैं, उन्हें उनके बच्चे की दृष्टि जाँच का परिणाम बताया जाएगा। यदि आपके बच्चे की दृष्टि में कोई समस्या पाई जाएगी तो आपका स्थानीय स्वास्थ्य मंडल आपसे संपर्क करेगा और आपसे कहा जाएगा कि आप उसकी दृष्टि की किसी आँखों के स्वास्थ्य व्यवसायी से पूर्ण रूप से जाँच करवाएँ।

क्योंकि बच्चों की आँखों का विकास करीब 8 वर्ष की आयु तक होता है इसलिए यह सुनिश्चित करना बहुत ज़रूरी है कि इन निर्माणात्मक वर्षों में हर बच्चे की दृष्टि का सामान्य रूप से विकास हो।

StEPS कार्यक्रम एक दृष्टि जाँच का कार्यक्रम है और यह पूर्ण नैदानिक जाँच नहीं करता है। यदि आपको अपने बच्चे की दृष्टि संबंधी कोई चिन्ता है तो यह सलाह दी जाती है कि अपने बच्चे की आँखों की जाँच किसी आँखों के स्वास्थ्य व्यवसायी से पूर्ण रूप से करवाएँ।